जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

जालोर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

जालोर, बुधवार 16 अक्टूबर, 2024

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

FIXED PRICE GUARANTEED

इस दिवाली 15 लाख और बढ़ेगी रेट !

NO MIDDLE-MEN

ट्रैफिक सिग्नल फ्री होगा अजमेर रोड़

• नए दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से 60% ट्रैफिक कम होगा

• 200 फीट चौराहे से 8 मिनट मे पहुँचेंगे केडिया सेजस्थान

जयपुर 15-10- 2024

#jamfree 200 फांट बाइपास चौराहा होगा सिग्नल फ्री, मिलेगी राहत

अजमेर रोड : नए साल से सरपट दौड़ेंगे वाहन... 5 ट्रैफिक लाइट हटेंगी

नवंबर में कमला नेहरू नगर और जनवरी में भांकरोटा फ्लाईओवर होगा शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. करीब दो वर्ष से अजमेर रोड पर जाम का सामना कर रहे प्रदेश के लोगों को नए साल की शुरुआत में राहत मिलेगी। राजधानी जयपुर से अजमेर की राह सुगम होने जा रही है। नवम्बर में कमला नेहरू नगर और जनवरी में भांकरोटा फ्लाईओवर शुरू हो जाएगा। 200 फीट बाइपास से ठिकरिया टोल प्लाजा तक वाहन चालकों की राह आसान हो जाएगी।

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआइ) के अनुसार 200 फीट बाइपास से ठिकरिया टोल प्लाजा तक पांच ट्रैफिक लाइट खत्म हो जाएंगी। इससे 15 मिनट की दूरी आठ मिनट में ही पूरी हो सकेगी। कमला नेहरू पुलिया और भांकरोटा फ्लाईओवर का काम अंतिम चरण में है। सेज सम्पर्क सड़क पर फ्लाईओवर पर यातायात शुरू हो चुका है। रिंग रोड पर क्लोवर लीफ बनाने का काम भी शुरू हो गया है।

दो फ्लाईओवर, दो अंडरपास बनेंगे

शहर के व्यस्त चौराहों में से एक 200 फीट बाइपास सिग्नल फ्री होगा। इससे लाखों वाहन चालकों की राह सुगम होगी। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का काम चल रहा है। इस प्रोजेक्ट पर एनएचएआइ करीब 300 करोड़ रुपए खर्च करेगा। 200 फीट बाइपास चौराहे पर दो फ्लाईओवर और दो अंडरपास बनाए जाएंगे।

दो वर्ष से अजमेर रोड पर जाम से जूझ रहे वाहन चालक

ऐसे होगा बदलाव

- मानसरोवर से आने वाला ट्रैफिक चौराहे पर बिना रुके सी-जोन बाइपास की सर्विस रोड से होते हुए पृथ्वीराज नगर, सिरसी रोड, कालवाड़ रोड की ओर निकल जाएगा।
- पुरानी चुंगी और डीसीएम चौराहे से आने वाला ट्रैफिक भांकरोटा और अजमेर की ओर बिना रुके निकलेगा।
- अजमेर की ओर से आने वाला ट्रैफिक जयपुर में यथावत आता रहेगा।
- अजमेर से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन चालक फ्लाईओवर के जरिए सी जोन बाइपास पर जाएगा।

10 में से 7 ओवरब्रिज का काम पूरा

200 फीट बाइपास चौराहे से अजमेर तक 10 ओवरब्रिज का काम शुरू हुआ था। इनमें से सात का काम पूरा हो गया है। पड़ासोली ओवरब्रिज का काम दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। कमला नेहरू पुलिया का काम 15 नवम्बर तक और भांकरोटा ओवरब्रिज का काम जनवरी में पूरा कर लिया जाएगा। 200 फीट बाइपास को सिग्नल फ्री करने के लिए डीपीआर बनाने का काम जारी है। -**अजय आर्य**, परियोजना निदेशक, एनएचएआइ

जनवरी से अजमेर रोड पर लगने वाले लंबे जाम से मिलेगी निजात। फिर इस तरह के हाल नहीं दिखेंगे।

जयपुर 15-10- 2024

अजमेर रोड • सुबह-शाम पीक आवर में 3 बार सिग्नल ग्रीन होने पर पार होता है चौराहा

200 फीट चौराहे पर 2 फ्लाईओवर व अंडरपास बनेंगे, 1.25 लाख वाहन चालकों के 8 मिनट बचेंगे

भास्कर न्यूज | जयपुर

भांकरोटा और कमला नेहरू नगर चौराहों पर बन रहे फ्लाईओवरों का काम अंतिम चरण में पहुंचते ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने अजमेर रोड 200 फीट चौराहे को भी जाम मुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। एनएचएआई इस चौराहे पर दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास की डीपीआर बनवा रहा है। जिसका काम अगले माह तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंजूरी के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सबकुछ सही रहा तो जनवरी-2025 में टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसका फायदा यहां से गुजरने वाले रोजाना सवा लाख वाहन चालकों को मिलेगा। यहां सुबह और शाम पीक आवर में ट्रैफिक का इतना दबाव रहता है कि वाहन चालक तीन-तीन बार में सिग्नल क्रॉस कर पाते हैं। सिग्नल एक बार रेड होने पर 198 मिनट रुकना पड़ता है। ऐसे में 5 से 8 मिनट लग जाते हैं। सिग्नल एक बार में इसके चलते कई बार जाम के हालात बन जाते हैं।

एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने बताया कि अगले महीने तक डीपीआर तैयार हो जाएगी। चौराहे पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। फ्लाईओवर और अंडरपास बनने के बाद समस्या खत्म हो जाएगी। इस संबंध में सभी एजेंसियों से चर्चा हो चुकी है। अभी दिल्ली से भांकरोटा, अजमेर की तरफ जाने वाले वाहन पहले से बने फ्लाईओवर से जा रहे हैं। अजमेर, बगरू, भांकरोटा से सोडाला, पुरानी चुंगी जाने वाला ट्रैफिक वर्तमान में जिस तरह जाता है वैसे ही गुजरेगा।

एनएचएआई बनवा रहा डीपीआर; अगले माह तक पूरा होगा



KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT
अजमेर रोड़, जयपुर

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply